Delhi: दिवाली के दिन नकली दवा बेचने वाले आरोपी को नोएडा पुलिस ने दबोचा

नई दिल्ली/नोएडा: दिल्ली-एनसीआर (Delhi-NCR) में नकली दवा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है. इस मामले में नोएडा के थाना फेस-3 पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से 94 नकली बायल, प्रतिबंधित इंजेक्शन, ड्रग मेफेन्टरमाइन सल्फेट इंजेक्शन बरामद हुआ है. फिलहाल मामले में आगे की जांच पड़ताल की जा रही है.

दरअसल, गुरुवार को थाना फेस-3 पुलिस ने गोपनीय सूचना पर चैकिंग के दौरान नकली दवा बेचने वाले आरोपी को सेक्टर-68 से गिरफ्तार किया. आरोपित की पहचान चन्द्रशेखर के रूप में हुई है. आरोपी के कब्जे से 94 नकली बायल, प्रतिबंधित इंजेक्शन,ड्रग मेफेन्टरमाइन सल्फेट इंजेक्शन बरामद हुआ है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/noida-police-arrested-person-selling-fake-medicines-on-diwali-delhi-news-dls24103104541